# विवरणिका




**संपादक की कलम से...** — 5
*क्योंकि बाहर और भीतर की सफाई होते रहना ज़रूरी है.....*

**टॉपर से बातचीत** — 7
*अमर्त्य कुमार आदर्श*

**आगामी परीक्षाएँ** — 9

**परीक्षा की रणनीति** — 11
*JPSC प्रारंभिक परीक्षा*

**फटाफट न्यूज़** — 13

**करेंट अफेयर्स** — 15
- *झारखंड बजट : 2021-22 (15)*
- *बिहार घटनाक्रम (17)*
- *झारखंड घटनाक्रम (18)*
- *राष्ट्रीय घटनाक्रम (19)*
- *अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम (21)*
- *संवैधानिक/प्रशासनिक घटनाक्रम (21)*
- *भारत एवं विश्व (22)*
- *आर्थिक घटनाक्रम (22)*
- *विज्ञान-प्रौद्योगिकी एवं रक्षा/प्रतिरक्षा (24)*
- *पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (25)*
- *संक्षिप्तियाँ (26)*
- *करेंट अफेयर्स टेस्ट (34)*

**बिहार : एक झलक** — 37
*(सामान्य परिचय)*

**झारखंड : एक झलक** — 50
*(सामान्य परिचय)*

**एग्ज़ाम पॉइंटर** — 63
*(सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषयवार महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन)*

**सामान्य हिन्दी** — 69
*समास एवं उनके भेद*

**General English** — 71
*Subject-Verb Agreement (Part-1)*

**बेसिक मैथ्स** — 73
*सरलीकरण (Simplification)*

**बेसिक रीज़निंग** — 76
*(वर्गीकरण एवं सादृश्यता)*

**सॉल्व्ड पेपर** — 79
- *बिहार पुलिस 'सिपाही' भर्ती परीक्षा-2020 (79)*
- *बिहार CDPO (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा-2021 (91)*

**मॉडल पेपर** — 103
*झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा-2021 द्वितीय प्रश्नपत्र*

**GK पॉइंटर** — 110
*वह कोना जहाँ से एकदिवसीय परीक्षाओं में अक्सर प्रश्न पूछे जाते हैं...*

**कौन/क्या/कहाँ ?** — 111



# टॉपर से बातचीत

## अमर्त्य कुमार आदर्श

**BPSC की 63वीं परीक्षा में 156वें रैंक पर चयनित**

### टॉपर का परिचय

**नाम:** अमर्त्य कुमार आदर्श

**पिता का नाम:** श्री उमेश ठाकुर

**माता का नाम:** श्रीमती सीता देवी

**जन्मतिथि:** 15 अक्तूबर, 1989

**शैक्षिक योग्यताएँ:**

1. 10th- 2004 - BSEB- 79%
2. 10+2- 2006 - BIEC- 70.10%

**स्नातक:** 2012 (Nalanda Open University)

**पूर्व चयन:**

1. Airforce- Non-Technical Y Group (2008- अक्तूबर 2017)
2. IB- ACIO- Grade II (2013) [जॉइन नहीं किया।]
3. IBPS PO- 2016-Assistant Manager IDBI Bank-2017

**आदर्श व्यक्तित्व:** मेरे पिताजी एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**व्यक्तित्व के सकारात्मक पक्ष:** जुझारूपन, आत्मविश्वास एवं कर्म में विश्वास

**व्यक्तित्व के नकारात्मक पक्ष:** ज़्यादा सोचना, भावुकता

**रुचियाँ:** क्रिकेट मैच देखना, संगीत सुनना

***परिणाम से संबंधित कुछ जानकारियाँ***

परीक्षा का नाम: BPSC 63वीं, 2017

**अनुक्रमांक:** 174048

**रैंक:** 156

**परीक्षा का माध्यम:** अंग्रेज़ी

**प्रयास संख्या:** 3

**दृष्टि बिहार व झारखंड करेंट अफेयर्स: BPSC में उच्च रैंक पर चयनित होने पर आपको 'दृष्टि बिहार व झारखंड करेंट अफेयर्स' की ओर से हार्दिक बधाई। चयनित होकर आपको कैसा लग रहा है?**

**अमर्त्य कुमार आदर्श:** मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने यह परिणाम कड़ी मेहनत और लगन से हासिल किया है।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: क्या इस परीक्षा में सफल होना ही आपके जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य था?**

**अमर्त्य:** बिल्कुल! इस परीक्षा में सफल होना मेरा लक्ष्य था, लेकिन सर्वोच्च लक्ष्य IAS बनना है। साथ-ही-साथ लोगों के जीवन को बेहतर करना भी है।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: BPSC में ऐसा क्या है कि लाखों युवा इनकी ओर आकर्षित होते हैं? आपके लिये इन सेवाओं में जाने का क्या आकर्षण था?**

**अमर्त्य:** मेरे लिये **BPSC** में आने के पीछे आकर्षण के मूल कारण थे-

- चुनौतियों एवं अवसरों से भरा कॅरियर
- सामाजिक प्रतिष्ठा
- लोगों से जुड़ने का सीधा माध्यम

**दृ.बि.व झा.क.अ.: अक्सर कहा जाता है कि एक-डेढ़ वर्ष तक कठोर मेहनत करने के बाद भी इस परीक्षा की तैयारी संतोषजनक तरीके से पूरी नहीं हो पाती। क्या यह सच है? क्या आप अपनी तैयारी से संतुष्ट थे एवं सफलता के प्रति आशावान थे?**

**अमर्त्य:** जी। मेरे हिसाब से अगर आप परीक्षा के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं तो तैयारी के लिये 2 साल का वक्त पर्याप्त है। इसके बाद परीक्षा की प्रक्रिया एवं चयन में थोड़ा और वक्त लग सकता है, लेकिन चयन ज़रूर होगा। जी, मैं अपनी तैयारी से संतुष्ट था क्योंकि इसके पहले दो प्रयासों में साक्षात्कार तक पहुँचा था और सफलता के प्रति अंदर से आशावान था लेकिन पॉज़िटिव दबाव ज़रूर था।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: आपकी सफलता के मूल में कौन-से सूत्र रहे?**

**अमर्त्य:** मेरी सफलता का सूत्र एक लक्ष्य का होना, सही रणनीति, इंटरनेट का प्रयोग, निरंतरता, असफलताओं से सीख, सीखने की ललक एवं खुद पर विश्वास का होना था।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: अपनी योग्यता और परिश्रम के अलावा आप अपनी सफलता का श्रेय किन्हें देना चाहेंगे?**

**अमर्त्य:** मैं अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की असीम कृपा को देना चाहता हूँ। इसके अलावा, मेरे माता-पिताजी, मेरे बड़े भाई (यशवंत राकेश एवं अमरेंद्र आशुतोष जी), आस्था आईएएस, दिल्ली एवं सीएमई पटना (इंटरव्यू) तथा Insight on India का अहम योगदान रहा। मेरे दोस्त विजय, जयराम, रजनीश एवं सुभाष का भी अहम योगदान रहा।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: आपका वैकल्पिक विषय क्या था? क्या आपने इसकी पढ़ाई स्नातक या आगे के स्तर पर की थी? यदि नहीं, तो इसके चयन का आधार क्या था?**

**अमर्त्य:** मेरा वैकल्पिक विषय LSW था। मैंने स्नातक स्तर पर इतिहास विषय की पढ़ाई की थी। इसके चयन का आधार स्व-अध्ययन से पढ़ाई, संक्षिप्त पाठ्यक्रम, स्टडी मैटेरियल की उपलब्धता एवं प्रशासन में सीधे इस्तेमाल का होना था।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: प्रारंभिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा में सामान्य अध्ययन के विस्तृत पाठ्यक्रम को देखते हुए इसकी तैयारी के लिये आपने क्या रणनीति अपनाई?**

**अमर्त्य:** मैंने BPSC की प्रारंभिक तथा मुख्य परीक्षा की तैयारी साथ-साथ की। मुख्य परीक्षा की पूर्ण तैयारी के साथ-ही-साथ प्रारंभिक की लगभग 80% तैयारी हो जाती है।

# आगामी परीक्षाएँ

| परीक्षा का नाम | आयोग/बोर्ड | कुल पद | चयन प्रक्रिया (प्रारूप/प्रणाली) | आगामी परीक्षा प्रारूप | परीक्षा/परीक्षण तिथि (घोषित/संभावित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 221 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | मुख्य (लिखित) | 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक |
| प्रोजेक्ट मैनेजर रिक्रूटमेंट-2020 | BPSC | 69 | प्रारंभिक, मुख्य | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | 11 अप्रैल, 2021 |
| JPSC संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) नियुक्ति परीक्षा-2017 | JPSC | 10 | प्रारंभिक, मुख्य एवं साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | 25 अप्रैल, 2021 |
| बिहार पंचायत अंकेक्षक सेवा-2020 | BPSC | 373 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | अप्रैल 2021 |
| 65th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा | BPSC | 434 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | साक्षात्कार | अप्रैल 2021 |
| 66th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 731 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | मुख्य (लिखित) | अप्रैल-मई 2021 |
| **JPSC संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2021** | **JPSC** | **252** | **प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार** | **प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ)** | **02 मई, 2021** |
| 66th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 731 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | साक्षात्कार | अगस्त 2021 |
| 67th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021 | BPSC | NA | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | अक्टूबर 2021 |
| **बाल विकास परियोजना पदाधिकारी-2021** | **BPSC** | **55** | **प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार** | **प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ)** | **जुलाई 2021** |
| सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 553 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | मुख्य (लिखित) | अभी निर्धारित नहीं |
| बिहार पुलिस होमगार्ड-2020 | CSBC | 551 | लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा | शारीरिक दक्षता | अभी निर्धारित नहीं |

**BPSC** - Bihar Public Service Commission.

**JPSC** - Jharkhand Public Service Commission.

**CSBC** - Central Selection Board of Constable.

**नोट:- परीक्षा तिथि एवं पदों की संख्या में आयोग द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।**

# परीक्षा की रणनीति




## JPSC प्रारंभिक परीक्षा

एक लंबे समय-अंतराल के पश्चात् बहुप्रतीक्षित झारखंड राज्य की 'संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा, 2021' की अधिसूचना जारी कर दी गई है। ऐसे में अभ्यर्थियों के बीच सफलता को लेकर होड़ मचना स्वाभाविक है। होड़ पुराने अभ्यर्थी बनाम नए अभ्यर्थी को लेकर भी है। हालाँकि, इस बात को लेकर कोई संशय नहीं है कि अभ्यर्थी चाहे लंबे समय से तैयारी करने वाले हों अथवा वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने अभी-अभी तैयारी शुरू की है; सबके लिये सफलता का पैमाना लगभग समान होता है एवं सभी अभ्यर्थियों को एक ही प्रकार की परीक्षा पद्धति से गुज़रना पड़ता है। पुराने अभ्यर्थी यदि अभी तक सफलता प्राप्त नहीं कर पाए हैं तो उन्हें आत्म-अवलोकन कर अपनी रणनीति बदलने की आवश्यकता है एवं नए अभ्यर्थियों के लिये भी यह ज़रूरी हो जाता है कि वे प्रारंभ से ही अपनी रणनीति तय कर लें, जिससे कम-से-कम समय में सफलता सुनिश्चित की जा सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिये कि परीक्षा की प्रकृति के अनुरूप एक उचित एवं गतिशील रणनीति बनाई जाए। इस अंक में हम जेपीएससी 'प्रारंभिक परीक्षा' की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं, जो न केवल इस वर्ष परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों के लिये लाभदायक होगी, बल्कि उन अभ्यर्थियों के लिये भी लाभप्रद होगी, जो जेपीएससी की तैयारी शुरू करना चाहते हैं।

### परीक्षा की प्रकृति

झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा तीन चरणों में संपन्न होती है। प्रतियोगी की गंभीरता, परिपक्वता एवं योग्यता को परखने के लिये तीनों ही चरणों की प्रकृति अलग-अलग होती है।

- **प्रथम चरण :** प्रारंभिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकृति)
- **द्वितीय चरण :** मुख्य परीक्षा (लिखित/वर्णनात्मक प्रकृति)
- **तृतीय चरण :** साक्षात्कार (मौखिक प्रकृति)

### प्रारंभिक परीक्षा प्रारूप

| प्रश्नपत्र | कुल प्रश्न | कुल अंक | परीक्षा की अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य अध्ययन-I | 100 | 200 | 2 घंटे | **ऋणात्मक अंकन (Negative Marking) का प्रावधान नहीं** |
| सामान्य अध्ययन-II | 100 | 200 | 2 घंटे | |
| | **कुल योग** | 400 | | |

**नोट:** *मुख्य परीक्षा हेतु क्वालीफाई करने के लिये अभ्यर्थी को जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के दोनों प्रश्नपत्रों को मिलाकर सामान्यत: कम-से-कम 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है, वहीं इसमें आरक्षित वर्ग (SC,ST, EBC, BC, PTG) के लिये करीब 3-10 प्रतिशत (वर्गानुसार) की छूट दी गई है।*

### प्रारंभिक परीक्षा की प्रक्रिया

- प्रारंभिक परीक्षा एक दिवसीय होती है। यह परीक्षा आयोग द्वारा निर्धारित तिथि पर राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होते हैं, जिसके अंतर्गत क्रमश: 100-100 प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रथम प्रश्नपत्र जहाँ सामान्य अध्ययन पर फोकस रहता है, वहीं द्वितीय प्रश्नपत्र झारखंड के सामान्य ज्ञान पर केंद्रित रहता है। इन प्रश्नों को हल करने हेतु प्रत्येक प्रश्नपत्र में 2 घंटे की समयावधि निर्धारित की गई है। प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गए चार संभावित विकल्पों (A, B, C और D) में से एक सही विकल्प का चयन करना होता है। गलत उत्तर के लिये किसी भी प्रकार की निगेटिव मार्किंग का प्रावधान **नहीं** है। इस परीक्षा का उद्देश्य मुख्य परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों का चयन (शॉर्ट लिस्टिंग) करना है। अंतिम चयन सूची केवल मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाती है।

### प्रारंभिक परीक्षा की रणनीति

- सामान्यत: यह देखा जाता है कि प्रतिस्पर्धा में विजेता वही होता है, जिसने अपनी तैयारी शुरू से ही एक रणनीति के तहत की हो। इस दृष्टि से अभ्यर्थियों के लिये उचित होगा कि वे सर्वप्रथम परीक्षा के पाठ्यक्रम का अध्ययन करें एवं उसके समस्त भाग तथा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सुविधा व रुचि के अनुसार विषयों का वरीयता क्रम निर्धारित करें।
- अभ्यर्थी पूर्व में आयोजित हो चुकी प्रारंभिक परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों का सूक्ष्म अवलोकन करें। जिन विषयों एवं टॉपिक से ज़्यादा प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति दिखाई देती है, उनका विशेष ध्यान रखें।
- पाठ्यक्रम एवं प्रश्नपत्रों के अवलोकन से यह अंदाजा लगाना आसान हो जाएगा कि परीक्षा के अनुरूप हमें किन खंडों पर अपनी अवधारणात्मक एवं तथ्यात्मक जानकारी मज़बूत करनी है।
- संपूर्ण पाठ्यक्रम अध्ययन सामग्री को रट लेना किसी भी विद्यार्थी के लिये संभव नहीं है, ऐसे में बेहतर होगा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अध्ययन किया जाए। इससे तथ्यों को याद रखने में आसानी होगी, उदाहरण के लिये- अगर हम भारत के भूगोल को उसके नक्शे के साथ पढ़ेंगे तो तथ्यों की पूरी एक श्रृंखला ही हमारे दिमाग में छप जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रयास करें कि शॉर्ट नोट्स भी साथ-साथ बनाते चलें।
- सामान्यत: इस परीक्षा का कट-ऑफ 60-70% अंकों तक रहता है, किंतु कभी-कभी प्रश्नों की कठिनाई के स्तर की वजह से यह थोड़ा कम-ज़्यादा भी हो सकता है। इसके मुताबिक ही अभ्यर्थी को अपना टारगेट स्कोर सेट करना चाहिये।
- इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने नियमित अध्ययन को अपनी सफलता का मूलमंत्र माना है। अत: अपनी नियमित दिनचर्या से 5-6 घंटे का समय अध्ययन के लिये निकालना उचित होगा। यदि समसामयिक घटनाओं एवं रिवीज़न के लिये भी 1-2 घंटे का समय देते हैं तो आप काफी बेहतर स्थिति में रहेंगे।
- आपकी सुविधा के लिये हमने जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम प्रश्नपत्र का विषयवार ट्रेंड एनालिसिस तैयार किया है। इससे आपको प्रथम प्रश्नपत्र (सामान्य अध्ययन) में प्रत्येक खंड से पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या का अनुमान लग जाएगा। इसके आधार पर इनके महत्त्व को देखते हुए आप अपनी तैयारी को सही दिशा में गति दे पाएंगे।

# फटाफट न्यूज़

- 31 मार्च, 2021 को बिहार के मिथिला की वह पहली बुजुर्ग महिला जिसने परंपरा के विरुद्ध जाकर जनकल्याण हेतु मरणोपरांत शरीर दान किया है– **लक्ष्मीसागर निवासी वसुधा (दरभंगा)**
- हाल ही में बिहार विधानसभा का उपाध्यक्ष किसे चुना गया है– **महेश्वर हज़ारी**
- नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन झारखंड के किस डैम पर किया गया– **तेनुघाट डैम (बोकारो ज़िला)**
- हाल ही में बिहार के किस ज़िला में राज्य का पहला पोर्टेबल आँगनबाड़ी केंद्र खोला गया है– **मुज़फ्फरपुर**
- हाल ही में बिहार निवासी प्रसिद्ध अभिनेता मनोज वाजपेयी को किस फिल्म के लिये नेशनल फिल्म अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड दिया गया है– **भोसले**
- हाल ही में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से बंगलुरू में आयोजित तीनदिवसीय राष्ट्रीय पैरास्विमिंग चैंपियनशिप में बिहार के किस खिलाड़ी ने तीन स्वर्ण पदक जीते हैं– **मोहित कुमार**
- बिहार के किस ज़िले में तारामंडल के निर्माण की घोषणा की गई है– **दरभंगा**
- मिड डे मील हादसे पर आधारित फिल्म 'बिट्टू' को ऑस्कर के लिये नामांकित किया गया है, यह घटना बिहार के किस ज़िले से संबंधित है– **सारण**
- बिहार के किस विश्वविद्यालय में ₹6.9 करोड़ की लागत से पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा– **पटना विश्वविद्यालय में**
- बिहार के किस औद्योगिक संस्थान की टीमों ने दुर्गम बर्फीले पर्वतीय इलाकों में इलेक्ट्रिक बस को लिथियम से चलाने में सफलता पाई है– **आई.आई.टी. (IIT), पटना**
- बिहार से वर्ष 2021 के लिये 'नटराजन सम्मान' हेतु चयनित किया गया है– **सलिल सुधाकर को**
- बिहार में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये किसानों को कितने प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान किया गया है– **75-90%**
- बिहार में अपराधियों का डेटा बेस तैयार करने हेतु कौन-सा ऐप लॉन्च किया जा रहा है– **चक्र ऐप**
- झारखंड के कितने ज़िलों में हाफ वे होम की शुरुआत की गई है– **तीन ज़िलों में (राँची, पूर्वी सिंहभूम और धनबाद)**
- हाल ही में झारखंड के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा कुपोषण उन्मूलन के लिये किस अभियान की शुरुआत की गई है– **सांझा पोषण अभियान**
- 22 मार्च, 2021 को आयोजित बिहार दिवस की थीम थी– **जल-जीवन-हरियाली**
- झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के 17वें सम्मेलन का आयोजन किया गया– **बुढ़मू प्रखंड (राँची) में**
- 21 मार्च, 2021 को आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ झारखंड के किस स्टेडियम से किया गया– **ठाकुर विश्वनाथ शहदेव इंडोर स्टेडियम (राँची)**
- एनीमिया से पीड़ित महिलाओं और कुपोषित बच्चों की पहचान करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा कौन-सा अभियान शुरू किया गया है– **समर अभियान**
- मिस ग्रेट इंडिया 2021 के लिये झारखंड से किसका चयन किया गया है– **जयंती कुमारी (पूर्वी सिंहभूम)**
- जमशेदपुर में झारखंड के सबसे बड़े वाटर पार्क की शुरुआत की गई– **बिरसा फन सिटी वाटर पार्क**
- राँची को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (कचरा से गैस उत्पादन) के निर्माण हेतु किनके बीच करार किया गया– **गेल इंडिया और राँची नगर निगम**
- हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रमुख नेता यशवंत सिन्हा ने किस राजनीतिक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है– **तृणमूल कॉन्ग्रेस**
- झारखंड सरकार ने किस शहर में बिरसा स्मृति पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है– **राँची**
- बिहार के किस स्थान पर इंग्लैंड के क्लिपटोन पुल की तर्ज़ पर राज्य का पहला टूरिस्ट सस्पेंशन ब्रिज बनाया गया है– **राजगीर (नालंदा)**
- हाल ही में बिहार के किस शहर में 'आज़ादी का अमृत महोत्सव @75' फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया– **पटना**
- हाल ही में बिहार के किस स्थान पर सड़क अनुसंधान केंद्र बनाने की घोषणा की गई है– **मोकामा (पटना)**
- संथाली भाषा के लिये वर्ष 2020 का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया– **रूपचंद हांसदा को**
- हाल ही में बिहार की किस महिला को राष्ट्रीय नारी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है– **डॉ. नम्रता आनंद**
- हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा बिहार के किस स्थान पर भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की घोषणा की गई है– **बोधगया (गया)**
- हाल ही में झारखंड की किस साहित्यकार को झारखंड रत्न से सम्मानित किया गया– **पूजा शुक्ला**
- हाल ही में 20वीं झारखंड राज्य जूनियर ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड के किस शहर में किया गया– **धनबाद**
- बिहार की वह महिला, जो सुखोई लड़ाकू विमान उड़ाने वाली देश की पहली महिला पायलट बनीं– **अंजलि (मुज़फ्फरपुर)**
- हाल ही में राँची में आयोजित एग्रोटेक किसान मेले में पूर्वी भारत में पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिये किसे सर्वश्रेष्ठ गोपालक का पुरस्कार प्रदान किया गया– **महेंद्र सिंह धोनी को**
- हाल ही में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी ग्राहक संतुष्टि सर्वे में बिहार के किस एयरपोर्ट को पूर्वी ज़ोन में प्रथम स्थान मिला है– **गया एयरपोर्ट**
- हाल ही में झारखंड सरकार द्वारा घोषित मेसलिया मेगालिफ्ट सिंचाई परियोजना की शुरुआत किस ज़िले से की गई– **दुमका**
- हाल ही में झारखंड के किस स्थान पर बिरसा मुंडा सेंटर फॉर ट्राइबल अफेयर्स की शुरुआत की गई है– **आईआईएम, राँची**
- झारखंड बजट 2021-22 में राज्य सरकार ने किस शहर को 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है– **गिरिडीह**

❑❑❑

# करेंट अफेयर्स

## झारखंड बजट : 2021-22

- 03 मार्च, 2021 को झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उराँव द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्तुत किया गया। झारखंड में वित्तीय वर्ष 2021-22 में पहली बार परिणाम बजट प्रस्तुत किया गया है। परिणाम बजट एक ऐसा व्यय के पूर्व का अनुमान है, जिसके व्यय के पश्चात् लक्षित परिणाम को लोकदृष्टि में लाया जाएगा एवं वित्तीय संव्यवहारों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही तय होगी।
- वित्तीय वर्ष 2019-20 में झारखंड की विकास दर 6.7 प्रतिशत थी। वित्तीय वर्ष 2020-21 में देश के सकल घरेलू उत्पादन (GDP) में 7.5 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में झारखंड में 6.9 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में विकास दर 9.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। प्रचलित मूल्य पर विकास दर 13.6 प्रतिशत अनुमानित है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में झारखंड का राजकोषीय घाटा ₹10,210.87 करोड़ होने का अनुमान है, जो कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुमानित GSDP का 2.83 प्रतिशत है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये राज्य का सकल बजट ₹ 91,277.00 करोड़ अनुमानित है, जिसमें राजस्व व्यय के लिये ₹75,755.01 करोड़ एवं पूंजीगत व्यय के लिये ₹ 15,521.99 करोड़ प्रस्तावित है।
- भविष्य में आने वाले ऋण-भारों के मोचन हेतु निक्षेप निधि में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये ₹ 472 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- बजट 2021-22 के अनुमानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य को अपने कर राजस्व से ₹ 23,265.42 करोड़ तथा गैर-कर राजस्व से ₹ 13,500 करोड़, केंद्रीय सहायता से ₹ 17,891.48 करोड़, केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में ₹ 22,050.10 करोड़, लोक ऋण स ₹ 14,500 करोड़ एवं उधार तथा अग्रिम की वसूली से करीब ₹ 70 करोड़ प्राप्त होने का अनुमान है।

### कृषि एवं संबंद्ध क्षेत्र

- झारखंड कृषि ऋण माफी योजना हेतु ₹ 1200 करोड़ प्रस्तावित है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना हेतु ₹ 61 करोड़ एवं किसान समृद्धि योजना हेतु ₹ 45.83 करोड़ प्रस्तावित है।
- झारखंड राज्य उद्यान प्रोत्साहन सोसाइटी के गठन हेतु ₹ 10 करोड़ एवं चैंबर ऑफ फॉर्मर्स के गठन हेतु ₹ 7.00 करोड़ प्रस्तावित है।
- पोस्ट हार्वेस्ट एवं प्रिजर्वेशन आधारभूत संरचना का विकास योजना के तहत राज्य में कुल 24 शीतगृह/लघु शीतगृह की स्थापना ₹ 31 करोड़ एवं झारखंड राज्य फसल राहत योजना हेतु ₹ 50 करोड़ प्रस्तावित है।

### ग्रामीण विकास एवं कल्याण

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये बजट 2021-22 में ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग हेतु समेकित रूप से लगभग ₹ 18,653 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 से लगभग 11 प्रतिशत अधिक है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये राज्य द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत 1,100 लाख मानव दिवस का सृजन किया जाएगा। इसके लिये बजट 2021-22 में ₹ 3,770.07 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के अंतर्गत 3,000 नए आवास एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2,000 किमी. पथ निर्माण एवं 250 पुल बनाने का लक्ष्य है।
- 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में सामान्य आधारभूत अनुदान त्रिस्तरीय PRIs को उपलब्ध कराने हेतु ग्राम पंचायतों के लिये ₹1,618. 65 करोड़, पंचायत समितियों के लिये ₹304.03 करोड़ तथा ज़िला परिषदों के लिये ₹202.68 करोड़ का बजट उपबंध प्रस्तावित है।
- शहीद ग्राम विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु ₹ 5.00 करोड़ प्रस्तावित है।
- मुख्यमंत्री रोज़गार सृजन योजना के अंतर्गत जहाँ पूर्व में अनुदान 25 प्रतिशत तथा अधिकतम अनुदान राशि 2.50 लाख थी, इसे बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2021-22 में ऋण राशि का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम ₹5.00 लाख का अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। इस योजना हेतु ₹12.00 करोड़ प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के लिये कोंचिग एंड एलायड योजना हेतु ₹ 50.00 लाख का प्रावधान है।
- कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को मशीनी परिष्कृत पूरक पोषाहार उपलब्ध कराने की झारखंड सरकार की योजना के लिये ₹500 करोड़ का प्रावधान है। वर्ष 2021-22 में झारखंड सरकार राज्य में सार्वभौमिक पेंशन योजना एवं साझा पोषण कार्यक्रम शुरू करने जा रही है।
- आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत ₹18.86 करोड़ की लागत से राज्य के 4,496 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना हेतु ₹10 करोड़ एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करने हेतु ₹10 करोड़ प्रस्तावित है।
- बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिये प्रत्येक ज़िला में ₹10 लाख के कोर्पस फंड का गठन कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से नई योजना 'मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना' को लागू किया जाएगा।

### उद्योग, पथ निर्माण एवं ऊर्जा

- आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में समेकित इलेक्ट्रोनिक मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर की स्थापना ₹185 करोड़ की लागत से की जा रही है। स्फूर्ति योजना Scheme of fund for Regeneration of Traditional Industries (SFURTI) के अंतर्गत स्वीकृत 7 क्लस्टर का कार्यान्वयन वर्ष 2021-22 में किया जाएगा।
- वर्ष 2021-22 में 3,000 मैट्रिक टन तसर रेशम के उत्पादन का लक्ष्य है।
- पथों के उन्नयन एवं विकास और सड़कों के घनत्व को बढ़ाने हेतु ₹ 3,480 करोड़, ट्रैफिक पार्क की स्थापना के लिये ₹10 करोड़ एवं Electric Vehicle Policy के लिये ₹5 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में ऊर्जा बचत हेतु मीटरिंग एवं एनर्जी एकाउटिंग योजना के लिये ₹150 करोड़ प्रस्तावित है एवं राज्य के गिरिडीह शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना है।


### पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और पर्यटन

- वन संवर्द्धन एवं संरक्षण के सतत् प्रयासों के कारण राज्य का वनावरण एवं वृक्षारोपण बढ़कर राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 33.81 प्रतिशत हो गया है, जो राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के अनुरूप राज्य के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री जन-वन योजना के अंतर्गत 3,000 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

# बिहार : एक झलक



## सामान्य परिचय




| | |
|---|---|
| राज्य की भौगोलिक स्थिति | **24°20'10"** से **27°31'15"** उत्तरी अक्षांश तथा **83°19'50"** से **88°17'40"** पूर्वी देशांतर के मध्य |
| सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला ज़िला | मधेपुरा |
| क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा ज़िला | पश्चिमी चंपारण |
| क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा ज़िला | शिवहर |

| | |
|---|---|
| सबसे उत्तरी ज़िला | पश्चिमी चंपारण |
| सबसे दक्षिणी ज़िला | गया |
| सबसे पश्चिमी ज़िला | कैमूर |
| सबसे पूर्वी ज़िला | किशनगंज |
| सर्वाधिक वर्षा वाला ज़िला | किशनगंज |
| सबसे गर्म स्थान | गया |
| राज्य की जलवायु | मानसूनी |

# सॉल्व्ड पेपर

## बिहार पुलिस 'सिपाही' भर्ती परीक्षा-2020

**(परीक्षा तिथि : 14 मार्च, 2021)**

स्मृति पर आधारित

**समय : 2 घंटे** | **कुल प्रश्न: 100**

**अधिकतम अंक: 200**

1. भारत में तांबे का तीसरा सर्वाधिक उत्पादक राज्य है-
   (a) राजस्थान
   (b) आंध्र प्रदेश
   (c) झारखंड
   (d) छत्तीसगढ़
2. To which register 'The Preamble of the Constitution of India' Belongs?
   (a) High Formal
   (b) Formal
   (c) Consultative Register
   (d) Static Register
3. गालिब (सॉनेट) किसकी रचना है?
   (a) त्रिलोचन
   (b) मुक्तिबोध
   (c) राजकमल चौधरी
   (d) अरूण कमल
4. महान दार्शनिक कनफ्यूशियस को चीनी किस अन्य नाम से भी जानते हैं?
   (a) कुंग-जू
   (b) ली-साओ
   (c) चू-यूआन
   (d) शांग-सू
5. किसी तापमापी पर हिमांक-20ºC एवं भाप बिंदु 130ºC के रूप में चिह्नित किया गया है। इस तापमापी पर मानव शरीर का तापमान (36ºC) निम्न में से कौन-सा पढ़ा जाएगा?
   (a) 32ºC
   (b) 34ºC
   (c) 51ºC
   (d) 54ºC
6. यौगिक जिसका द्विध्रुव आघूर्ण नहीं है, वह है-
   (a) मेथिल क्लोराइड
   (b) कार्बन टेट्राक्लोराइड
   (c) मेथिलीन क्लोराइड
   (d) क्लोरोफार्म
7. Choose the correct answer from the given options to the questions that is given below:
   In Achebe's "Marriage is a Private Affair"
   (a) Nene belonged to Ibo; Nnnemeka to Calabar
   (b) Nene and Nnaemeka belonged to the Ibo tribe
   (c) Nene was from Calabar, and Nnaemeka from Ibo
   (d) Nene and Nnaemeka were raised from Calabar
8. 'एक दीक्षांत भाषण' नामक रचना के रचयिता हैं-
   (a) फणीश्वरनाथ रेणु
   (b) हरिशंकर परसाई
   (c) राजेंद्र यादव
   (d) कमलेश्वर
9. Fill in the blank with appropriate choice.
   The Woods are lovely dark and deep.
   But I have promise to keep.
   And miles to go before I sleep.
   And miles to go before I sleep.
   These lines liked by Pt. Jawaharlal Nehru are the concluding lines of the poem.
   ____________ written by ____________ .
   (a) The Waste Land - T.S. Eliot
   (b) Can to XIV- Ezra Pound
   (c) Stopping by Woods on a Snowy Evening- Robert Frost
   (d) Ode to West Wind- P.B. Shelley.
10. प्रकृति में पाई जाने वाली सबसे दुर्बल अन्योन्य क्रिया है-
    (a) गुरुत्वीय बल
    (b) विद्युत चुंबकीय बल
    (c) प्रबल नाभिकीय अन्योन्य क्रिया
    (d) दुर्बल अन्योन्य क्रिया
11. बिहार में क्रियान्वित की जा रही अंत्योदय अन्न योजना का उद्देश्य क्या है?
    (a) गरीबों को नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था करना
    (b) वृद्धजनों को नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था करना
    (c) चयनित परिवारों को स9स्ता गेहूँ और चावल आबंटित करना
    (d) सरकारी होस्टेल में रहने वाले अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के बच्चों को सस्ता खाना उपलब्ध करवाना

# मॉडल पेपर

## बिहार CDPO (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा-2021

**संभावित परीक्षा तिथि : जुलाई 2021**

**समय : 2:00 घंटे**

**कुल प्रश्न : 150**
**अधिकतम अंक : 200**

1. नीति आयोग ने (India Innovation Index-2020) का दूसरा संस्करण जारी किया, जिसके तहत बड़े राज्यों की सूची में प्रथम स्थान पर है?
   (a) कर्नाटक
   (b) मिज़ोरम
   (c) ओडिशा
   (d) पश्चिम बंगाल
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं या उपरोक्त में से एक से अधिक।

2. भारतीय मूल की कमला हैरिस ने अमेरिका की 49वीं उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली, वह इनमें से किस राज्य से संबंधित हैं?
   (a) तमिलनाडु
   (b) ओडिशा
   (c) उत्तराखंड
   (d) केरल
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

3. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 51वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिये गोल्डन पीकॉक अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
   (a) इनटू द डार्कनेस
   (b) ए डॉग एंड हिज मैन
   (c) इनवर्ट कंस्ट्रक्सन
   (d) रेड मैन टाइड
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

4. वर्ष 2020 में जारी मानव विकास सूचकांक, (HDI) में भारत किस स्थान पर है?
   (a) 129
   (b) 130
   (c) 131
   (d) 132
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

5. हाल ही में भारत को 2021 में होने वाले 47वें जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया। 47वें जी-7 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी कौन-सा देश करेगा?
   (a) रूस
   (b) अमेरिका
   (c) ब्रिटेन
   (d) फ्राँस
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

6. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने निम्न में से किस राज्य को डिजिटल इंडिया पुरस्कार प्रदान किया है?
   (a) महाराष्ट्र
   (b) बिहार
   (c) आंध्र प्रदेश
   (d) उत्तराखंड
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

7. हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'A Promised Land' किसकी आत्मकथा है?
   (a) नरेंद्र मोदी
   (b) बराक ओबामा
   (c) रामनाथ कोविंद
   (d) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

8. 2020 का बुकर पुरस्कार इनमें से किसे प्रदान किया गया?
   (a) डगलस स्टुअर्ट
   (b) अवनी जोशी
   (c) माजा मेंजिस्टे
   (d) डायना कुक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

9. इनमें से किन देशों के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास SIMBEX-2020 का आयोजन किया गया?
   (a) भारत-सिंगापुर
   (b) एशिया-यूरोप
   (c) भारत-श्रीलंका
   (d) पाकिस्तान-श्रीलंका
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

10. हाल ही में नीतिश कुमार ने कौन-सी वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली?
   (a) 5वीं
   (b) 6वीं
   (c) 7वीं
   (d) 4वीं
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

# मॉडल पेपर

## झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2021

**संभावित परीक्षा तिथि: 2 मई, 2021**

सामान्य अध्ययन ( द्वितीय प्रश्नपत्र )

**समय : 2:00 घंटे**

**कुल प्रश्न : 100**

**अधिकतम अंक : 200**

1. मुंडा जनजातीय गाँव के युवागृह को क्या कहा जाता है?
   (a) सरना
   (b) अखड़ा
   (c) ससान
   (d) गतिओड़ा

2. 'पहड़ा राजा' के अधीन कितने कार्यपालक अधिकारी होते थे?
   (a) 3
   (b) 4
   (c) 5
   (d) 6

3. बिरहोर जनजाति के मुखिया को किस नाम से जाना जाता है?
   (a) नाये
   (b) पहड़ा
   (c) भुंईहर
   (d) महतो

4. खोंड जनजाति के मुखिया को क्या कहा जाता है?
   (a) नायक
   (b) मांझी
   (c) गौटिया
   (d) महतो

5. क्रोमाइट झारखंड के किस क्षेत्र में पाया जाता है?
   (a) पालमू
   (b) पश्चिमी सिंहभूम
   (c) पूर्वी सिंहभूम
   (d) हजारीबाग

6. भदानीनगर काँच कारखाना किसके सहयोग से स्थापित किया गया है?
   (a) जर्मनी
   (b) रूस
   (c) जापान
   (d) अमेरिका

7. NH-78 झारखंड के किस ज़िले से होकर गुजरता है?
   (a) धनबाद
   (b) हजारीबाग
   (c) गुमला
   (d) पलामु

8. झारखंड का सबसे अधिक घरेलू कामगारों वाला ज़िला निम्न में से कौन-सा है?
   (a) लोहरदगा
   (b) रामगढ़
   (c) गिरिडीह
   (d) साहेबगंज

9. पतरातु ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना किसके सहयोग से की गई?
   (a) अमेरिका
   (b) सोवियत संघ
   (c) जापान
   (d) जर्मनी

10. झारखंड के किस ज़िले को देश का प्रथम गज आरक्ष्य (Elephant Reserve) के रूप में अधिसूचित किया गया है?
   (a) सिंहभूम
   (b) लातेहार
   (c) पलामू
   (d) चतरा

11. चंद्रपुरा पक्षी विहार कहाँ स्थित है?
   (a) जमशेदपुर
   (b) बोकारो
   (c) कोडरमा
   (d) गुमला

12. झारखंड राज्य का सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला ज़िला कौन सा है?
   (a) धनबाद
   (b) गुमला
   (c) पाकुड़
   (d) पश्चिमी सिंहभूम

